# कार्यालय :— वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

**BLOCK-A, VAN BHAWAN, PURULIA ROAD, CHAS, BOKARO-827013**

*E-mail : dfo-bokaro@gov.in & bokarodfo@gmail.com* *Phone/Fax No : +91-6542-265142*


**पत्रांक :—** 2517 **दिनांक :—** 08/09/2022

सेवा में,

श्री मनीष कुमार,
निर्माण संचालक, मेसर्स गेल इण्डिया लिमिटेड,
5वाँ तल्ला, पूर्वी ब्लॉक, मेकॉन प्रधान कार्यालय परिसर,
डोरण्डा, राँची, पिन—834002 ई मेल— manishk@gail.co.in

**विषय :—** **मेसर्स गेल इण्डिया लिमिटेड, ओ0एन0जी0सी0, गैस पाईप लाईन परियोजना का संशोधित कुल रकवा—8.3618 हे0 अपयोजित वनभूमि के विरूद्ध दो गुना क्षतिपूरक वनरोपण स्थल का KML file सी0डी0 में तथा Geo-reference map एवं Toposheet map प्रस्ताव के साथ समर्पित करने के संबंध में।**

प्रसंग :— आपका पत्रांक—04 दिनांक—12.08.2022 एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी, पेटरवार वन प्रक्षेत्र का पत्रांक—321 दिनांक—27.08.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि वन क्षेत्र पदाधिकारी, पेटरवार वन प्रक्षेत्र का पत्रांक—321 दिनांक—27.08.2022 द्वारा विषयगत परियोजना में अपयोजित वनभूमि के विरूद्ध दो गुना क्षतिपूरक वनरोपण हेतु मौजा—रघुनाथपुर, थाना—कसमार, थाना नं0—106, प्लॉट सं0—17, 41 एवं 441 कुल ग्रॉस रकवा—22.39 हे0, शुद्ध रकवा—16.73 हे0 एवं कुल घेरान—124 चेन प्रस्तावित किया गया है। छायाप्रति संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त क्षतिपूरक वनरोपण स्थल का KML file सी0डी0 में तथा Geo-reference map एवं Toposheet map प्रस्ताव के साथ समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय। CA Land से संबंधित अभिलेख ई—परिवेश पोर्टल के Part-I में अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही Tree Enumeration List की हस्ताक्षरित प्रति तथा Part-I की हार्डकॉपी Additional Document के रूप में अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही प्रस्ताव में संलग्न सभी अभिलेखों की हार्डकॉपी ऑनलाईन अपलोड होना आवश्यक है।

**अनु0—यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

05/9/2022

# कार्यालयः— वन क्षेत्र पदाधिकारी,वन प्रक्षेत्र —पेटरवार

पत्रांक— 321 / दिनांक— 27/08/2022

4655
01/09/22

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
बोकारो वन प्रमण्डल ,बोकारो।

विषय :— मेसर्स गेल इण्डिया लिमिटेड, के गैस पाईप लाईन परियोजना हेतु कुल रकवा 8.3618 हे0 वनभूमि अपयोजन के विरूध क्षतिपूरक वनरोपण के तहत दोगुणा रकवा 16.73 हे0 का स्थल सूची समर्पित करने के संबंध कें।

F.C. file
राजकुमार
30/08/22

प्रसंग :-- भवदीय का ज्ञापांक —2384 दिनांक—24.08.2022

महाशय,

उपरोक्त विषयक एवं प्रासंगीक पत्र के संबंध में सादर सूचित करना है कि मेसर्स गेल इण्डिया लिमिटेड, गैस पाईप लाईन परियोजना हेतु कुल रकवा 8.3618 हे0 अपयोजन वनभूमि के विरूध क्षतिपूरक वनरोपण के तहत दोगुणा रकवा 16.73 हे0 पर वनरोपण हेतु मौजा— रघुनाथपुर, थाना / थाना न0—कसमार—106, प्लॉट संख्या— 17, 41 एवं 441 कुल रकवा 22.39 हे0 शुद्ध रकवा 16.73 हे0 एवं कुल घेरान 124 चैन प्रस्तावित किया जा रहा है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

आपका विश्वासी
27.08.2022
वन क्षेत्र पदाधिकारी
वन प्रक्षेत्र—पेटरवार।

30/8/22